INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 3
COST ACCOUNTING
& FINANCIAL MANAGEMENT

MAY 2014

Roll No. ..........................

Total No. of Questions - 7 Total No. of Printed Pages - 24

Time Allowed – 3 Hours Maximum Marks – 100

# LTC-H

Answers are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his / her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Answer any **five** questions from the remaining six questions.

Working notes should form part of the answers.

**Marks**

1. Answer the following : 4×5 =20

(a) SHA Limited provides the following trading results :

| Year | Sale | Profit |
|---|---|---|
| 2012-13 | ₹ 25,00,000 | 10% of Sale |
| 2013-14 | ₹ 20,00,000 | 8% of Sale |

You are required to calculate :

(i) Fixed Cost

(ii) Break Even Point

(iii) Amount of profit, if sale is ₹ 30,00,000

(iv) Sale, when desired profit is ₹ 4,75,000

(v) Margin of Safety at a profit of ₹ 2,70,000

**Marks**

(b) A manufacturing company has disclosed net loss of ₹ 48,700 as per their cost accounting records for the year ended 31st March, 2014. However their financial accounting records disclosed net profit of ₹ 35,400 for the same period. A scrutiny of data of both the sets of books of accounts revealed the following informations :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Factory overheads under absorbed | 30,500 |
| (ii) | Administrative overheads over absorbed | 65,000 |
| (iii) | Depreciation charged in financial accounts | 2,25,000 |
| (iv) | Depreciation charged in cost accounts | 2,70,000 |
| (v) | Income-tax provision | 52,400 |
| (vi) | Transfer fee (credited in financial accounts) | 10,200 |
| (vii) | Obsolescence loss charged in financial accounts | 20,700 |
| (viii) | Notional rent of own premises charged in cost accounts | 54,000 |
| (ix) | Value of opening stock : | |
| | (a) in cost accounts | 1,38,000 |
| | (b) in financial accounts | 1,15,000 |
| (x) | Value of closing stock : | |
| | (a) in cost accounts | 1,22,000 |
| | (b) in financial accounts | 1,12,500 |

Prepare a Memorandum Reconciliation Account by taking costing loss as base.

Marks

(c) NOOR Limited provides the following information for the year ending 31st March, 2014 :

| | |
|---|---|
| Equity Share Capital | ₹ 25,00,000 |
| Closing Stock | ₹ 6,00,000 |
| Stock Turnover Ratio | 5 times |
| Gross Profit Ratio | 25% |
| Net Profit / Sale | 20% |
| Net Profit / Capital | $\frac{1}{4}$ |

You are required to prepare :

Trading and Profit & Loss Account for the year ending 31st March, 2014.

(d) The following details are provided by the GPS Limited :

| | ₹ |
|---|---|
| Equity Share Capital | 65,00,000 |
| 12% Preference Share Capital | 12,00,000 |
| 15% Redeemable Debentures | 20,00,000 |
| 10% Convertible Debentures | 8,00,000 |

The cost of equity capital for the company is 16.30% and Income Tax rate for the company is 30%.

You are required to calculate the Weighted Average Cost of Capital (WACC) of the company.

2. (a) A company manufactures a product from a raw material, which is purchased at ₹ 80 per kg. The company incurs a handling cost of ₹ 370 plus freight of ₹ 380 per order. The incremental carrying cost of inventory of raw material is ₹ 0.25 per kg per month. In addition, the cost of working capital finance on the investment in inventory of raw material is ₹ 12 per kg per annum. The annual production of the product is 1,00,000 units and 2.5 units are obtained from one kg. of raw material. 8

Required :

(i) Calculate the economic order quantity of raw materials.

(ii) Advise, how frequently company should order for procurement be placed.

(iii) If the company proposes to rationalize placement of orders on quarterly basis, what percentage of discount in the price of raw materials should be negotiated ?

Assume 360 days in a year.

(b) A company had the following Balance Sheet as on 31st March, 2014 : 8

| Liabilities | ₹ (in crores) | Assets | ₹ (in crores) |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital (50 lakh shares of ₹ 10 each) | 5 | Fixed Assets (Net) | 12.5 |
| Reserves and Surplus | 1 | Current Assets | 7.5 |
| 15% Debentures | 10 | | |
| Current Liabilities | 4 | | |
| | **20** | | **20** |

The additional information given is as under :

| | |
|---|---|
| Fixed cost per annum (excluding interest) | ₹ 4 crores |
| Variable operating cost ratio | 65% |
| Total assets turnover ratio | 2.5 |
| Income Tax rate | 30% |

Marks

Required :

Calculate the following and comment :

(i) Earnings Per Share

(ii) Operating Leverage

(iii) Financial Leverage

(iv) Combined Leverage

3. (a) M J Pvt. Ltd. produces a product "SKY" which passes through two processes, viz. Process-A and Process-B. The details for the year ending 31st March, 2014 are as follows : 8

| | Process – A | Process – B |
|---|---|---|
| 40,000 Units introduced at a cost of | ₹ 3,60,000 | – |
| Material Consumed | ₹ 2,42,000 | 2,25,000 |
| Direct Wages | ₹ 2,58,000 | 1,90,000 |
| Manufacturing Expenses | ₹ 1,96,000 | 1,23,720 |
| Output in Units | 37,000 | 27,000 |
| Normal Wastage of Input | 5% | 10% |
| Scrap Value (per unit) | ₹ 15 | 20 |
| Selling Price (per unit) | ₹ 37 | 61 |

**Additional Information :**

(a) 80% of the output of Process-A, was passed on to the next process and the balance was sold. The entire output of Process-B was sold.

(b) Indirect expenses for the year was ₹ 4,48,080.

(c) It is assumed that Process-A and Process-B are not responsibility centre.

Required :

(i) Prepare Process-A and Process-B Account.

(ii) Prepare Profit & Loss Account showing the net profit / net loss for the year.

**Marks**

(b) FH Hospital is considering to purchase a CT-Scan machine. Presently the hospital is outsourcing the CT-Scan Machine and is earning commission of ₹ 15,000 per month (net of tax). The following details are given regarding the machine : **8**

| | ₹ |
|---|---|
| Cost of CT-Scan machine | 15,00,000 |
| Operating cost per annum (excluding Depreciation) | 2,25,000 |
| Expected revenue per annum | 7,90,000 |
| Salvage value of the machine (after 5 years) | 3,00,000 |
| Expected life of the machine | 5 years |

Assuming tax rate @ 30%, whether it would be profitable for the hospital to purchase the machine ?

Give your recommendation under :

(i) Net Present Value Method, and

(ii) Profitability Index Method.

PV factors at 12% are given below :

| **Year** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| **PV factor** | 0.893 | 0.797 | 0.712 | 0.636 | 0.567 |

4. (a) XYZ Co. Ltd. provides the following information : **8**

| | **Standard** | **Actual** |
|---|---|---|
| Production | 4,000 Units | 3,800 Units |
| Working Days | 20 | 21 |
| Fixed Overhead | ₹ 40,000 | ₹ 39,000 |
| Variable Overhead | ₹ 12,000 | ₹ 12,000 |

You are required to calculate following overhead variances :

(a) Variable Overhead Variance

(b) Fixed Overhead Variances

(i) Expenditure Variance

(ii) Volume Variance

Marks

(b) The Balance Sheets of Z Ltd. as on 31st March, 2013 and 31st March, 2014 are as under : 8

| Liabilities | 2013 ₹ | 2014 ₹ | Assets | 2013 ₹ | 2014 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity share capital | 15,00,000 | 20,00,000 | Goodwill | 5,75,000 | 4,50,000 |
| 12% Redeemable pref. share cap. | 7,50,000 | 5,00,000 | Land & Building | 10,00,000 | 8,50,000 |
| General Reserve | 2,00,000 | 3,50,000 | Plant | 4,00,000 | 10,00,000 |
| Profit & Loss A/c | 1,50,000 | 2,40,000 | Debtors | 8,00,000 | 12,60,000 |
| Creditors | 2,75,000 | 4,15,000 | Stock | 4,85,000 | 4,35,000 |
| Outstanding Expenses | 1,00,000 | 80,000 | Marketable Securities | 75,000 | 50,000 |
| Provision for Tax | 2,00,000 | 2,50,000 | Cash and Bank | 50,000 | 40,000 |
| Proposed Dividend | 2,10,000 | 2,50,000 | | | |
| | **33,85,000** | **40,85,000** | | **33,85,000** | **40,85,000** |

Marks

**Additional Information :**

(i) Depreciation charged on Plant and Land & Buildings during the year was ₹ 50,000 and ₹ 1,00,000 respectively.

(ii) Income-Tax ₹ 1,75,000 was paid during the year 2013-14.

(iii) An Interim Dividend of ₹ 1,00,000 has been paid in 2013-14.

Prepare Cash Flow Statement.

5. (a) Distinguish between cost control and cost reduction. **4x4 =16**

(b) Explain the following :

(i) Explicit costs

(ii) Engineered costs

(c) Discuss emerging issues affecting the future role of Chief Financial Officer (CFO).

(d) State the main features of Global Depositary Receipts (GDRs) and American Depositary Receipts (ADRs).

Marks

6. (a) M/s ABID Constructions undertook a contract at a price of ₹ 171.00 lacs. The relevant data for the year ended 31st March, 2014 are as under : **8**

| | (₹ '000) |
|---|---|
| Material issued at site | 7700 |
| Direct Wages paid | 3300 |
| Site office cost | 550 |
| Material return to store | 175 |
| Work certified | 12650 |
| Work uncertified | 225 |
| Progress Payment Received | 10120 |
| Prepaid site office cost as on 31-03-2014 | 50 |
| Direct wages outstanding as on 31-03-2014 | 100 |
| Material at site as on 31-03-2014 | 110 |

**Additional Information :**

(a) A plant was purchased for the contract at ₹ 8,00,000 on 01-12-2013.

(b) Depreciation @ 15% per annum is to be charged.

(c) Material which cost ₹ 1,30,000 was destroyed by fire.

Marks

**Prepare :**

(i) Contract Account for the year ended 31st March, 2014 and compute the profit to be taken to the Profit & Loss Account.

(ii) Account of Contractee.

(iii) Profit & Loss Account showing the relevant items.

(iv) Balance Sheet showing the relevant items.

(b) Black Limited has furnished the following cost sheet : 8

| | ₹ / Per Unit |
|---|---|
| Raw Material | 98 |
| Direct Labour | 53 |
| Factory Overhead | 88 |
| (Includes depreciation of ₹ 15 per unit at budgeted level of activity) | |
| **Total Cost** | **239** |
| Profit | 43 |
| Selling Price | **282** |

Marks

**Additional Information :**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Average raw material in stock | 3 weeks |
| (ii) | Average work-in-progress<br>(% of completion with respect to<br>Material – 75%<br>Labour & Overhead – 70%) | 2 weeks |
| (iii) | Finished goods in stock | 4 weeks |
| (iv) | Credit allowed to debtors | $2\frac{1}{2}$ weeks |
| (v) | Credit allowed by creditors | $3\frac{1}{2}$ weeks |
| (vi) | Time lag in payments of labour | 2 weeks |
| (vii) | Time lag in payments of factory overheads | $1\frac{1}{2}$ weeks |

(viii) Company sells. 25% of the output against cash

(ix) Cash in hand and bank is desired to be maintained ₹ 2,25,000

(x) Provision for contingencies is required @ 4% of working capital requirement including that provision.

You may assume that production is carried on evenly throughout the year and labour and factory overheads accrue similarly.

You are required to prepare a statement showing estimate of working capital needed to finance a budgeted activity level of 104000 units of prodnction. Finished stock, debtors and overhead are taken at cash cost.

Marks

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Distinguish between allocation and apportionment of cost.

(b) Describe the salient features of budget manual.

(c) Explain the following :

(i) Concentration Banking

(ii) Lock Box System

(d) Comment on the Debt Service Coverage Ratio.

(e) (i) Name any four financial instruments, which are related to international financial market.

(ii) State the unit of cost for the followings :

(1) Transport

(2) Power

(3) Hotel

(4) Hospital

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(a) एसएचए लि. निम्नलिखित व्यापारिक परिणाम प्रदर्शित करती है :

| वर्ष | विक्रय | लाभ |
|---|---|---|
| 2012-13 | ₹ 25,00,000 | विक्रय का 10% |
| 2013-14 | ₹ 20,00,000 | विक्रय का 8% |

आपसे अपेक्षित है कि निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) स्थिर लागत

(ii) सम-विच्छेद बिन्दु

(iii) लाभ की राशि, जब विक्रय ₹ 30,00,000 हो

(iv) विक्रय, यदि वांछित लाभ ₹ 4,75,000 हो

(v) ₹ 2,70,000 के लाभ पर सुरक्षा की सीमा

**Marks**

(b) एक निर्माणी कम्पनी ने 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लागत लेखा पुस्तकों के आधार पर ₹ 48,700 की हानि प्रदर्शित की है । जबकि कम्पनी के वित्तीय लेखा पुस्तकों ने उसी समयावधि में ₹ 35,400 का लाभ प्रदर्शित किया है । दोनों लेखा पुस्तकों की जाँच के उपरान्त निम्नलिखित सूचनायें प्राप्त हुयीं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | अल्प अवशोषित कारखाना उपरिव्यय | 30,500 |
| (ii) | अधि अवशोषित प्रशासनिक उपरिव्यय | 65,000 |
| (iii) | वित्तीय खातों में काटा गया ह्रास | 2,25,000 |
| (iv) | लागत लेखों में काटा गया ह्रास | 2,70,000 |
| (v) | आयकर का प्रावधान | 52,400 |
| (vi) | हस्तान्तरण शुल्क (वित्तीय लेखों में जमा) | 10,200 |
| (vii) | अप्रचलन (obsolescence) ह्रास वित्तीय लेखों में कम आँका गया | 20,700 |
| (viii) | कम्पनी परिसर का नाम मात्र किराया लागत लेखों में चार्ज किया गया | 54,000 |
| (ix) | प्रारम्भिक रहतिये का मूल्य : | |
| | (a) लागत लेखों में | 1,38,000 |
| | (b) वित्तीय लेखों में | 1,15,000 |
| (x) | अन्तिम रहतिये का मूल्य : | |
| | (a) लागत लेखों में | 1,22,000 |
| | (b) वित्तीय लेखों में | 1,12,500 |

लागत लेखों की हानि को आधार मानते हुए स्मरण-पत्र समाधान खाता (Memorandum Reconciliation Account) तैयार कीजिए ।

 **Marks**

(c) नूर लि. ने 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचनायें प्रदान की हैं :

| | |
|---|---|
| समता अंश पूँजी | ₹ 25,00,000 |
| अन्तिम रहतिया | ₹ 6,00,000 |
| रहतिया आवर्त्त अनुपात | 5 गुना |
| सकल लाभ अनुपात | 25% |
| शुद्ध लाभ / विक्रय | 20% |
| शुद्ध लाभ / पूँजी | $\frac{1}{4}$ |

आपसे अपेक्षा है कि 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए ।

(d) जीपीएस लि. द्वारा निम्नलिखित विवरण प्राप्त हुए :

| | ₹ |
|---|---|
| समता अंश पूँजी | 65,00,000 |
| 12% पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 12,00,000 |
| 15% शोधनीय ऋणपत्र | 20,00,000 |
| 10% परिवर्तनीय ऋणपत्र | 8,00,000 |

कम्पनी की समता पूँजी की लागत 16.30% है तथा कम्पनी के लिए आयकर की दर 30% है ।

आपसे अपेक्षा है कि कम्पनी की पूँजी की भारित औसत लागत की गणना कीजिए ।

2. (a) एक कम्पनी किसी वस्तु का उत्पादन करती है जो एक ऐसी सामग्री से निर्मित होती है जिसे ₹ 80 प्रति किग्रा की दर से क्रय किया जाता है । कम्पनी को उक्त सामग्री के प्रति आदेश हस्तस्थ लागत ₹ 370 तथा ढुलाई व्यय ₹ 380 पड़ता है । कच्चे माल की इन्वेण्टरी की वर्धनीय वहन लागत ₹ 0.25 प्रति किग्रा प्रति माह है । इसके अतिरिक्त, कच्चे माल की इन्वेण्टरी में विनियोग पर कार्यशील पूँजी की वित्तीयन लागत ₹ 12 प्रति किग्रा प्रति वर्ष है । वस्तु का वार्षिक उत्पादन 1,00,000 इकाइयाँ हैं तथा एक किग्रा के कच्चे माल से 2.5 इकाइयाँ प्राप्त की जाती हैं । **8**

अपेक्षित है :

(i) कच्चे माल की आर्थिक आदेश मात्रा (Economic Order Quantity) की गणना कीजिए ।

(ii) सुझाव दीजिए कि कम्पनी किस आवृत्ति से कच्चे माल की प्राप्ति हेतु आदेश प्रेषित करे ।

(iii) यदि कम्पनी तिमाही आधार पर आदेश प्रेषित करने का प्रस्ताव करती है तो कच्चे माल की कीमत पर कितने प्रतिशत छूट पर बातचीत करनी चाहिए ?

एक वर्ष में 360 दिन की कल्पना कीजिए ।

(b) किसी कम्पनी का 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष का आर्थिक चिट्ठा निम्नवत् था : 8

| दायित्व | ₹ (करोड़ में) | सम्पत्तियाँ | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | | स्थायी सम्पत्तियाँ | |
| 50 लाख अंश प्रत्येक ₹ 10 के | 5 | (शुद्ध) | 12.5 |
| संचय एवं आधिक्य | 1 | चालू सम्पत्तियाँ | 7.5 |
| 15% ऋणपत्र | 10 | | |
| चालू दायित्व | 4 | | |
| | **20** | | **20** |

अतिरिक्त सूचनायें निम्न प्रकार से दी गयी है :

| | |
|---|---|
| स्थिर लागत प्रतिवर्ष (ब्याज को छोड़कर) | ₹ 4 करोड़ |
| परिवर्तनशील परिचालन लागत अनुपात | 65% |
| कुल सम्पत्ति आवृत्ति अनुपात | 2.5 |
| आयकर की दर | 30% |

अपेक्षित है :

(i) प्रति अंश आय (Earnings Per Share)

(ii) संचालन लीवरेज (Operating Leverage)

(iii) वित्तीय लीवरेज (Financial Leverage)

(iv) संयुक्त लीवरेज (Combined Leverage)

Marks

3. (a) एम जे प्रा. लि. उत्पाद "SKY" का निर्माण करती है जो दो प्रक्रियाओं से होकर गुजरता है : प्रक्रिया – A तथा प्रक्रिया – B. 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए विवरण निम्नवत् हैं : **8**

| | प्रक्रिया – A | प्रक्रिया – B |
|---|---|---|
| 40,000 इकाइयाँ प्रयुक्त लागत | ₹ 3,60,000 | – |
| प्रयुक्त सामग्री | ₹ 2,42,000 | ₹ 2,25,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | ₹ 2,58,000 | ₹ 1,90,000 |
| विनिर्माणी व्यय | ₹ 1,96,000 | ₹ 1,23,720 |
| उत्पादन (इकाइयों में) | 37,000 | 27,000 |
| सामान्य क्षय | 5% | 10% |
| स्क्रैप मूल्य (प्रति इकाई) | ₹ 15 | ₹ 20 |
| विक्रय मूल्य (प्रति इकाई) | ₹ 37 | ₹ 61 |

**अतिरिक्त सूचनायें** :

(a) प्रक्रिया – A का 80% उत्पादन अगली प्रक्रिया को हस्तान्तरित किया जाता है तथा बाकी को बेच दिया जाता है । प्रक्रिया - B का समस्त उत्पादन बेच दिया जाता है ।

(b) वर्ष के अप्रत्यक्ष व्यय ₹ 4,48,080 थे ।

(c) यह भी कल्पना कीजिए कि प्रक्रिया – A तथा प्रक्रिया – B उत्तरदायित्व केन्द्र नहीं हैं ।

अपेक्षित है :

(i) प्रक्रिया – A खाता तथा प्रक्रिया – B खाता तैयार कीजिए ।

(ii) वर्ष के शुद्ध लाभ/शुद्ध हानि प्रदर्शित करते हुए लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए ।

**Marks**

(b) एफ एच अस्पताल एक CT-स्कैन मशीन को क्रय करने पर विचार कर रहा है । वर्तमान समय में अस्पताल ने एक CT-स्कैन मशीन को आउटसोर्स किया है जिससे कमीशन ₹ 15,000 प्रतिमाह (करोपरान्त) प्राप्त होता है । मशीन से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरण दिये गये हैं : **8**

| | ₹ |
|---|---|
| CT-स्कैन मशीन की लागत | 15,00,000 |
| परिचालन लागत (प्रति वर्ष) (ह्रास को छोड़कर) | 2,25,000 |
| प्रत्याशित आगम (प्रति वर्ष) | 7,90,000 |
| मशीन का अवशेष मूल्य (पाँचवें वर्ष के पश्चात्) | 3,00,000 |
| मशीन का प्रत्याशित जीवन | 5 वर्ष |

कर की दर 30% मानते हुए क्या मशीन को क्रय करना अस्पताल के लिए लाभप्रद होगा ? निम्नलिखित के अन्तर्गत अपनी संस्तुति दीजिए :

(i) शुद्ध वर्तमान मूल्य पद्धति ; तथा

(ii) लाभदायकता निर्देशांक पद्धति ।

वर्तमान मूल्य घटक 12% की दर पर निम्नवत् है :

| **वर्ष** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्तमान मूल्य घटक** | 0.893 | 0.797 | 0.712 | 0.636 | 0.567 |

4. (a) XYZ कं. लि. ने निम्नलिखित सूचनायें प्रदान की है : **8**

| | **प्रमाप** | **वास्तविक** |
|---|---|---|
| उत्पादन | 4,000 इकाइयाँ | 3,800 इकाइयाँ |
| कार्यकारी दिन | 20 | 21 |
| स्थिर उपरिव्यय | ₹ 40,000 | ₹ 39,000 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय | ₹ 12,000 | ₹ 12,000 |

Marks

निम्नलिखित उपरिव्यय विचरणों की गणना करना आपसे अपेक्षित है :

(a) परिवर्तनशील उपरिव्यय विचरण

(b) स्थिर उपरिव्यय विचरण

(i) व्यय विचरण

(ii) मात्रा (volume) विचरण

(b) Z लि. के 31 मार्च 2013 तथा 31 मार्च 2014 को आर्थिक चिट्ठे निम्नवत् हैं : 8

| दायित्व | 2013 ₹ | 2014 ₹ | सम्पत्तियाँ | 2013 ₹ | 2014 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 15,00,000 | 20,00,000 | ख्याति | 5,75,000 | 4,50,000 |
| 12% शोधनीय पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 7,50,000 | 5,00,000 | भूमि एवं भवन | 10,00,000 | 8,50,000 |
| सामान्य संचय | 2,00,000 | 3,50,000 | संयन्त्र | 4,00,000 | 10,00,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,50,000 | 2,40,000 | देनदार | 8,00,000 | 12,60,000 |
| लेनदार | 2,75,000 | 4,15,000 | स्टॉक | 4,85,000 | 4,35,000 |
| बकाया व्यय | 1,00,000 | 80,000 | विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ | 75,000 | 50,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 2,00,000 | 2,50,000 | रोकड़ एवं बैंक | 50,000 | 40,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 2,10,000 | 2,50,000 | | | |
| | **33,85,000** | **40,85,000** | | **33,85,000** | **40,85,000** |

Marks

**अतिरिक्त सूचनायें** :

(i) संयन्त्र तथा भूमि एवं भवन पर वर्ष के दौरान क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 1,00,000 ह्रास काटा गया ।

(ii) वर्ष 2013-14 के दौरान ₹ 1,75,000 का आयकर भुगतान किया गया ।

(iii) 2013-14 में ₹ 1,00,000 का अन्तरिम लाभांश दिया गया ।

नकद प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

5\. (a) लागत नियंत्रण एवं लागत कटौती में भेद स्पष्ट कीजिए । 4×4 =16

(b) निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(i) स्पष्ट लागतें

(ii) इंजीनियर्ड लागतें

(c) मुख्य वित्तीय अधिकारी (Chief Financial Officer) की भावी भूमिका को प्रभावित करने वाले उद्घाटित बिन्दुओं (Emerging Issues) की विवेचना कीजिए ।

(d) ग्लोबल डिपॉजिटरी प्राप्तियों (GDRs) तथा अमेरिकी डिपॉजिटरी प्राप्तियों (ADRs) के मुख्य लक्षणों को स्पष्ट कीजिए ।

Marks

6. (a) मेसर्स आबिद कन्स्ट्रक्शन्स ने ₹ 171.00 लाख मूल्य का एक ठेका लिया । 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित हैं : 8

| | (₹ '000) |
|---|---|
| कार्यस्थल पर निर्गमित सामग्री | 7700 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी का भुगतान | 3300 |
| कार्यस्थल कार्यालय की लागत | 550 |
| स्टोर को वापस की गयी सामग्री | 175 |
| प्रमाणित कार्य | 12650 |
| अप्रमाणित कार्य | 225 |
| कार्यप्रगति भुगतान प्राप्त | 10120 |
| पूर्वदत्त कार्यस्थल कार्यालय लागत (31-03-2014 को) | 50 |
| बकाया प्रत्यक्ष मजदूरी (31-03-2014 को) | 100 |
| कार्यस्थल पर सामग्री (31-03-2014 को) | 110 |

**अतिरिक्त सूचनायें** :

(a) 01-12-2013 को ठेके के लिए एक संयन्त्र ₹ 8,00,000 की लागत से क्रय किया गया ।

(b) 15% प्रति वर्ष की दर से ह्रास काटा जाना है ।

(c) सामग्री जिसकी लागत ₹ 1,30,000 थी, आग से नष्ट हो गयी ।

Marks

तैयार कीजिए :

(i) 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ठेका खाता तथा लाभ-हानि खाता में दिखाए जाने वाले लाभ की गणना ।

(ii) ठेकेदार का खाता

(iii) सम्बन्धित मदों को दर्शाते हुए लाभ-हानि खाता

(iv) सम्बन्धित मदों को दर्शाते हुए आर्थिक चिट्ठा

(b) ब्लैक लि. ने निम्नलिखित लागत पत्र प्रदर्शित किया है : 8

| | | ₹ / प्रति इकाई |
|---|---|---|
| कच्चा माल | | 98 |
| प्रत्यक्ष श्रम | | 53 |
| कारखाना उपरिव्यय | | 88 |
| (कार्यक्षमता के बजटेड स्तर पर प्रति इकाई ₹ 15 ह्रास शामिल है) | | |
| | **कुल लागत** | **239** |
| लाभ | | 43 |
| विक्रय मूल्य | | **282** |

Marks

अतिरिक्त सूचनायें :

(i) स्टॉक में औसत कच्चा माल — 3 सप्ताह

(ii) औसत निर्माणाधीन कार्य (WIP) — 2 सप्ताह

(पूर्णता का प्रतिशत :

सामग्री – 75%

श्रम एवं उपरिव्यय – 70%)

(iii) स्टॉक में निर्मित माल — 4 सप्ताह

(iv) देनदारों को अनुमन्य साख — $2\frac{1}{2}$ सप्ताह

(v) लेनदारों से अनुमन्य साख — $3\frac{1}{2}$ सप्ताह

(vi) श्रमिकों के भुगतान में समय-अन्तराल — 2 सप्ताह

(vii) कारखाना उपरिव्यय के भुगतान में समय-अन्तराल — $1\frac{1}{2}$ सप्ताह

(viii) कम्पनी उत्पादन का 25% नकद आधार पर विक्रय करती है ।

(ix) हस्तस्थ तथा बैंक में अपेक्षित रोकड़ — ₹ 2,25,000

(x) भवितव्यताओं (contingencies) के लिए अपेक्षित प्रावधान – प्रावधान को सम्मिलित करते हुए कार्यशील पूँजी का 4%.

यह मानते हुए कि उत्पादन वर्ष भर समान रूप से वितरित है तथा श्रम एवं उपरिव्यय उसी प्रकार वर्ष भर समान रूप से घटित हैं ।

1,04,000 इकाइयों के बजटेड क्रियाकलाप स्तर के वित्तीयन हेतु कार्यशील पूँजी का आकलन करते हुए विवरण-पत्र तैयार कीजिए । निर्मित स्टॉक, देनदार तथा उपरिव्यय का व्यवहार नकद लागत आधार पर करना है ।

Marks

7. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(a) लागत बँटवारा तथा लागत अभिभाजन में भेद स्पष्ट कीजिए ।

(b) बजट-मैनुअल के विशिष्ट लक्षणों को स्पष्ट कीजिए ।

(c) निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(i) संघनन (Concentration) बैंकिंग

(ii) लॉक-बॉक्स व्यवस्था

(d) ऋण-सेवा कवरेज़ अनुपात पर टिप्पणी कीजिए ।

(e) (i) अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजार से सम्बन्धित किन्हीं चार वित्तीय उपकरणों के नाम बताइए ।

(ii) निम्नलिखित के लिए लागत को इकाई को स्पष्ट कीजिए :

(1) परिवहन (Transport)

(2) शक्ति (Power)

(3) होटल (Hotel)

(4) अस्पताल (Hospital)